तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

4 रक्तदान शिविर में 16 यूनिट रक्त संग्रह



2 105 प्रत्याशी चुनाव में आजमा रहे अपना भाग्य...



## खबर संक्षेप

### नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**थान खम्हरिया।** समीपस्थ ग्राम गातापार मे घर वालो के डांट डपट से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया,पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया है। परिजनों के सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंचकर मृतका का शव बरामद किया और पंचनामा पश्चात शव को पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया। घटना के मुताबिक 30 सितंबर की दरमियानी रात की है जहां समीपस्थ ग्राम गातापार मे एक दृदय विदारक घटना सामने आयी है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की गंभीरता को देखते हुए विवेचना में लिया है।

### शीतला मंदिर में कन्या भोज का आयोजन

**बेरला।** ग्राम सुरहोली के शीतला मंदिर में जय मां शीतला समिति द्वारा 40 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई। इसमें समस्त ग्रामवासी मिल कर ग्राम में सुखशांति और समृद्धि की कामना करते हुए नव दिनों तक पूजा अर्चना कर नवरात्रि के नववा दिन नव कन्याओं को नव कन्या भोज कराया गया। इसमें शीतला मंदिर पुजारी पं. चंद्रशेखर चौबे, ग्रामीण बैगा गुनित पाटिल, पंडा शेखचंद साहू, सहायक पंडा राकीराज वर्मा, जजमान रहे पप्पू वर्मा पत्नी लीना वर्मा, प्रमिला वर्मा, संध्या शर्मा, पूनम तिवारी, महेश तिवारी, प्रहलाद वर्मा जनसेवक, रज्जू वर्मा, हितेश पाटिल, राजकुमार वर्मा, लच्छी राम साहू, गोलू वर्मा, चम्मन वर्मा, धनीराम वर्मा, देवशरण निर्मालकर, सूरज साहू, राजेश साहू, धर्मेंद्र पाटिल, डालेंद्र चौहान, रामानंद साहू, राहुल, देवकुमार, गोपू, देवानंद, युराज, कुणाल, डब्बू, टोयेश हिना, सोमी, गरिमा, तामेश्वरी, चारु, माही, रौनक, विजय, कुशाल, सोमू, काव्या, भुराज, आदि, किसन, चांदनी, चंचल, मंजुसा, सोनल, रागनी, खुशी, टीकेश्वरी, विनीता, जानवी, संजना, कल्पना, विवेक, निगिता, अर्जुन, युगल, बबलू, दीपक, लाला, सुभम, आकाश, कान्हा एवं समस्त ग्रामवासी मिलकर नव कन्याओं को भोजन करा कर गांव में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद लेकर नव कन्याओं का विदा किया गया।

### ओटीपी आया और खाते से उड़ गए 1.97 लाख

**भिलाई।** बैंक खाते से अज्ञात ने रुपए पार कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 318 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि प्लॉट नं 29 वार्ड नंबर 60 नेहरू नगर निवासी अजय मित्रा ने का कोटेक महनद्रि बैक में सेविंग खाता है। 10 सितंबर को वाटसअप पर क्रेडिट कार्ड देने का मैसेज आया। जिसे स्वीकार करने के बाद अज्ञात मोबाईल नंबर से फोन आया कि कोटेक महिन्द्रा बैक का अधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड का लिमिट बढाने का झांसा देकर दो बार ओटीपी मोबाइल पर भेजा।

# वृद्धजनों के अनुभवों का अनुसरण कर जीवन को सफल बनाएं : विधायक साहू

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं दिव्यांगजन सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर टाउन हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां जिले के वरिष्ठ नागरिकों, वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को शाल, श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि जीवन को सफल बनाने में वृद्धजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों एवं वृद्धजनों के अनुभव को अनुसरण कर हम जीवन को दिशा और सफलता की राह दे सकते हैं। आज के परिवेश और बदलते समाज में वृद्धजनों को सम्मान देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों के पास अपार अनुभव होता है, वे जीवन को दिशा और राह दिखाने का कार्य करते हैं। उनके अनुभव से हम जीवन को एक नई गति प्रदान कर सकते हैं। विधायक श्री साहू ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में वृद्धजनों के जीवन को संवारने के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं से वरिष्ठ नागरिकों एवं वृद्धजनों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से वृद्धजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है और उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिलता है।



### बुजुर्ग हमारी शान

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि वृद्धजन हमारे परिवार और समाज के आन, बान और शान होते हैं। परिवार में उनकी भूमिका वटवृक्ष की तरह होती है। उन्होंने कहा कि आज का यह दिन वृद्धजनों के लिए आशा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि पूरे मनोयोग से वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों का सम्मान करें। इस अवसर पर कलेक्टर रणवीर शर्मा, एसपी रामकृष्ण साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि अजय साहू, राजेंद्र शर्मा, योगेश तिवारी, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेई, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता पद्माकर सहित बड़ी संख्या में जिले के वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजन उपस्थित रहें।

पर्व

### कन्या पूजन के बाद उपहारों की दी सौगात

# माता दुर्गा को दी भव्य विदाई और ज्योति कलशों का किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न देवी मंदिरों में नवरात्रि पर्व पर स्थापित मनोकामना ज्योति कलश का विधि विधान के साथ बुधवार को विसर्जन किया गया। इसके साथ ही जिला मुख्यालय सहित विभिन्न गांव में चौक चौराहे पर स्थापित दुर्गा मां की मूर्ति का भी विधि विधान के साथ विसर्जन करने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक जारी रहा। इस के साथ ही विभिन्न घरों में भी स्थापित जोत जंवारा एवं मनोकामना ज्योति कलश का विसर्जन श्रद्धा भक्ति के और आस्था के साथ किया गया, जबकि नवरात्रि पर्व पर उपवास रहने वाले श्रद्धालुओं के द्वारा नौ कन्या की पूजा कर उन्हें भोजन कराया गया। माता शीतला मंदिर के पास पहुंचे वहां पर शीतला मंदिर में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश को महिलाओं के द्वारा कतार बद्ध होकर निकाला गया तदुपरांत विभिन्न जस गीत मंदिर मंडली के द्वारा जस गीत एंव आतिशबाजी के साथ बाजार पारा में स्थित माता भद्रकाली मंदिर के पास तालाब में पहुंचे, जहां पर बैगाओ द्वारा मनोकामना कलश विसर्जन के पूर्व पूजा किया।



### नव कन्याओं की पूजा कर भोजन कराया

श्रद्धालुओं द्वारा 9 दिन तक उपवास रहने वाले रविवार को नौ कन्या की पूजा कर उन्हें भोजन कराया गया है इसके पहले श्रद्धालुओं ने नौ कन्या की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर सिंगार के समान एवं वस्त्र भेंट किया गया और उसके बाद उन्हें विभिन्न प्रकार के भोजन में मिष्ठान आदि दिया गया।

### चीजगांव में रामधुनी के साथ देवी प्रतिमा विसर्जन

महानवमी पर्व पर ग्राम चीजगांव के शीतला चौक में मां जगजननी दुर्गा एवं स्कूल चौक में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई थी। बुधवार को सुबह प्रातः कालीन आरती पश्चात जस सेवा मंडली के साथ विसर्जन के लिए ट्रैक्टर में मां दुर्गा एवं मां सरस्वती की प्रतिमा को रखकर ग्राम के विभिन्न गलियों से होते हुए तालाब पहुंचा। रामधुनि के साथ शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह आरती उतारी व अपनी मनोकामना के लिए प्रार्थना किया। मां शेरावाली एवं सरस्वती प्रतिमा का विसर्जन स्कूल चौक तालाब में किया गया। देवी विसर्जन पश्चात पुरोहित महाराज चेतन शर्मा, पंडा हालेश्वर मंडावी, गजेंद्र मांडवी, सुखदेव साहू व रामप्रसाद साहू की आरती भी उतारी गई। तत्पश्चात पंडा, बैगा एवं महाराज को रामधुनि के साथ पहुंचाने में गए ।

### पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष शर्मा हवन पूजन में हुए शामिल

**बेमेतरा।** पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा माता भद्रकाली एवं कालिका मंदिर में हवन पूजन एवं पूर्णाहुति में शामिल हुए। शर्मा ब्रम्हकुमारी संस्थान में भी जाकर दीप प्रज्वलन एवं महाआरती में अपनी सहभागिता दी । माता भद्रकाली को नमन करते हुए राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह शक्ति, श्रद्धा और साधना का उत्सव है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि अन्याय और अधर्म पर सदैव सत्य और धर्म की विजय होती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार माँ दुर्गा ने राक्षसों का संहार कर धरती को धर्म की रक्षा के लिए बचाया, उसी प्रकार आज का युवा भी राष्ट्र निर्माण के लिए शक्ति और ऊर्जा का संकल्प ले। शर्मा ने कहा कि भारत माता की सेवा ही सच्ची भक्ति है, और नवरात्रि हमें उसी दिशा में प्रेरणा देती है ओर अष्टमी का दिन हमें याद दिलाता है कि शक्ति केवल पूजा की नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की रक्षा में लगानी चाहिए। माँ दुर्गा से यही प्रार्थना है कि हर भारतीय युवा में राष्ट्रभक्ति की ज्योति जलती रहे और भारत सशक्त बनकर विश्व में अग्रणी बने।



# कैबिनेट में एनएचएम कर्मचारियों की बहाली और मांगों पर नहीं हुआ निर्णय : कर्मियों में मायूसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

त्योहारी सीजन में आर्थिक तंगी का सामना कर रहे एनएचएम कर्मचारी कैबिनेट बैठक से बड़ी उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन किसी भी मांग पर ठोस निर्णय न होने से कर्मचारियों में निराशा बढ़ गई है। प्रदेश अध्यक्ष सहित 25 बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली का आश्वासन मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल की पिछली बैठक में दिया था। किंतु बैठक में इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले कार्यरत 16,500 कर्मचारियों ने हाल ही में 33 दिन तक हड़ताल की थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के हस्तक्षेप के बाद आंदोलन स्थगित हुआ था। कर्मचारियों की 10 मांगों में से 4 पर तत्काल आदेश जारी हुए थे, जबकि ग्रेड-पे, अनुकंपा नियुक्ति एवं स्थानांतरण नीति पर 3 माह की समयसीमा तय की गई थी। हड़ताल स्थगन के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से भेंट कर हड़ताल अवधि का वेतन देने एवं 25 बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली का आश्वासन दिया था।

### त्योहारों में बोनस दूसरों को, वेतन कटौती एनएचएम कर्मचारियों की

जहां अन्य कर्मचारियों को बोनस दिया जा रहा है, वहीं एनएचएम कर्मचारियों के 33 दिन का वेतन काटने का आदेश उनकी त्योहारी खुशियों को फीका कर दिया है। हड़ताल स्थगन के 10 दिन बाद भी 6 मांगों पर आदेश जारी न होना कर्मचारियों में गहरा असंतोष पैदा कर रहा है। यह पहला अवसर है जब मांगों को सरकार ने मान लिया। जिला अध्यक्ष पूरन दास एवं प्रवक्ता बृजेश दुबे ने कहा एनएचएम कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर 18 अगस्त से हड़ताल पर थे। स्वास्थ्य मंत्री एवं मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद आंदोलन स्थगित किया गया। चर्चा में जिलों में की गई कार्रवाई शून्य करने तथा 25 पदाधिकारियों की बहाली का आश्वासन मिला था। लेकिन कैबिनेट बैठक में 25 बर्खास्त एनएचएम कर्मचारियों की बहाली एवं 10 सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने से कर्मचारियों को एक बार फिर निराशा हाथ लगी है।

# सेवा पखवाड़े में युवाओं ने किया रक्तदान

## 16 यूनिट रक्त संग्रह किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग स्वस्थ नारी सशक्त अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही सघन प्रचार प्रसार जागरूकता अभियान, रक्तदान शिविर, महिलाओं को विशेष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में 1 अक्टूबर को सेवा पखवाड़ा के तहत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर किया गया। इस रक्तदान शिविर में 16 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ। यह रक्तदान शिविर सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर एवं सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू के निर्देश में रखा गया। उक्त कार्यक्रम में सीएचसी प्रभारी डॉ. एमएम रजा बीएमओ, डॉ. विकास कुमार पाण्डेय, डॉ. क्षितिज शुक्ला, डॉ. लवनीश कुमार, डॉ. धीरेंद्र सिन्हा द्वारा भी रक्तदान कर आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया। इस रक्तदान शिविर में बीपीएम नवागढ़ चंद्र कुमार देवांगन, सुनील, अंबालिका, प्रतीक, हुलेश्वरी, उमरे आदि सीएचसी स्टॉफ सक्रिय हो कर कार्य किया, इस रक्तदान शिविर में आमजन सभी सम्माननीय गण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक से पैथोलॉजिस्ट डॉ पी.आर. पोपटानी, विजय कुमार, भूपेंद्र कुर्रे, धंन्नू वर्मा, कुलेश्वरी साहू ब्लड काउंसलर, हरिशंकर ऍमएल टी.विनेश्वर जायसवाल एड्स नियंत्रण कार्यक्रम एस टी आईं काउंसलर, राम चरण वाहन चालक का सहयोग से रक्तदान शिविर सफल रहा ।



# कांग्रेस के नए जिला अध्यक्ष के लिए पर्यवेक्षक दशहरा के बाद करेंगे दौरा, लेंगे फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- अगले एक महीने पूरी हो जाएगी प्रक्रिया, सभी वर्ग से रायशुमारी कर तलासेंगे नया अध्यक्ष

बूथ और सेक्टर समितियों के निर्माण बाद अब कांग्रेस में जिला एवं शहर व ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने की तैयारी शुरु कर दी गई है। उदयपुर अधिवेशन में तय फार्मूले के अनुसार अब पर्यवेक्षक सभी जिलों में जाकर आम सहमति के बीच बेहतर विकल्प तलासेंगे। बेमेतरा जिले के लिए श्याम कुमार बरवे को पर्यवेक्षक बनाया गया है। दशहरा के बाद वे जिले का दौरा कर जमीनी स्तर पर बेहतर नेता के लिए कांग्रेसियों से फीडबैक लेंगे। कांग्रेस सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि 4 से 5 अक्टूबर जिले में पर्यवेक्षक का दौरा होगा ओर दिवाली के बाद नवंबर में प्रदेश के सभी जिलो की एक साथ सूची जारी कर दी जाएगी। पर्यवेक्षक के साथ सांसद ज्योत्सना महंत , प्रदेश युथ कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया को उनके सहयोगी के रूप में रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के लीडर राहुल गांधी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि अब जिला अध्यक्ष का चयन भी पर्यवेक्षक की फीडबैक के आधार पर ही किया जाएगा। इस फार्मूले के तहत गुजरात और मध्य प्रदेश में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हो गई है। अब इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के भी सभी जिलो में कांग्रेस अपने अध्यक्ष बदलने जा रही है। हालांकि इसमें यह भी हो सकता है कि बेहतर प्रदर्शन वाले मौजूदा अध्यक्षों को रिपीट कर दिया जाए। हालांकि बताया जा रहा है कि अगले एक महीने के भीतर चयन की पूरी प्रक्रिया कर ली जाएगी।

### क्षेत्र के लोगों से करेंगे चर्चा

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा दिए निर्देश अनुसार पर्यवेक्षक न केवल कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं वरिष्ठों से नए अध्यक्ष के लिए राय लेगे। बल्कि इसके अलावा बुद्धिजीवी और सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों से भी चर्चा करेंगे । इसके अलावा सेवा के क्षेत्र में जुड़ी संस्थाओं से भी बात की जाएगी। इस तरह से यह कोशिश होगी कि अधिक सक्रिय नेता को जिले की कमान सौंपी जाए।

### सात दिन रुकने की अनिवार्यता

कांग्रेस द्वारा बनाए गए पर्यवेक्षक को जिले में कम से कम सात दिनों तक ठहरने के निर्देश दिए गए है। बताया जा रहा है कि दशहरा के बाद पर्यवेक्षक जिले में आएंगे और कुछ दिन यहीं रुककर सर्वे का काम करेंगे। बताया गया कि यह भी निर्देश दिए गए है कि पर्यवेक्षक अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं और आमजन से फीडबैक ले। वहीं इसके बाद जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों की सूची तैयार कर साक्षात्कार लेंगे। इसके बाद गोपनीय रिपोर्ट एआईसीसी को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर नए जिलाध्यक्ष नियुक्त होंगे।

## नपा अध्यक्ष सिन्हा ने तैयारियों का लिया जायजा

# मंडी परिसर में 35 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा उत्सव शहर में इस बार एक नए और ऐतिहासिक अंदाज़ में मनाया जाएगा। नगर पालिका ने दशहरे की भव्य उत्सव की तैयारियां पूरी कर ली हैं।

आज गुरुवार मंडी परिसर वर्षों से चली आ रही परम्परा निभाते हुए 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसके पूर्व राम सेना ओर रावण सेना के युद्ध का मंचीय कार्यक्रम रामलीला मंडलीय प्रस्तुत करेगी। गौरतलब हो कि बेमेतरा जिला मुख्यालय का विजयादशमी पर्व आसपास क्षेत्र में चर्चित रहा है, जिसके कारण यहां दशहरा के दिन काफी भीड़ रहती है।

बुधवार नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने शहर के मंडी प्रांगण में दशहरा महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और नगर पालिका कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सिन्हा ने रावण दहन मंच की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, यातायात प्रबंधन और दर्शकों की सुविधाओं से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दशहरा मैदान पर आने वाले हजारों नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं. इस दौरान नगर पालिका सीएमओ नरेश वर्मा एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे. इस विशेष क्षण में स्थानीय विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



### आतिशबाजी होती है आकर्षण का केंद्र

शहर और आस-पास के क्षेत्रों के लोगों को मंडी प्रांगण में आयोजित होने वाले दशहरे उत्सव का साल भर बेसब्री से इंतज़ार रहता है। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण यहां की आतिशबाजी होती है, जो स्थानीय आतिशबाजों द्वारा तैयार की जाती है। इन स्थानीय आतिशबाजों द्वारा बनाए गए स्काई शॉट और अन्य पटाखे अक्सर चाइनीज आतिशबाजी को भी मात देते हुए आसमान में रंग बिरंगी रोशनी बिखेरते हैं।

# रजत जयंती पर बच्चों ने दिया रचनात्मक प्रतिभा का परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- हायर सेकंडरी बोरतरा में हुआ स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतरा विकासखंड साजा में स्वच्छता ही सेवा विषय पर आधारित विभिन्न साहित्यक लेखन, मौलिक अभिव्यक्ति के अंतर्गत रंगोली, चित्रकला, निबंध लेखन, भाषण, प्रश्नमंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं के बच्चों ने अपनी सहभागिता की। विद्यालय स्तर के प्रतियोगिता में चित्रकला में प्रथम स्थान कक्षा 10वीं से यामनी साहू रही। शीतला पटेल कक्षा 12वीं द्वितीय, कीर्ति पटेल कक्षा 12वीं तृतीय रही। निबंध लेखन में कलेश्वरी वर्मा 10वीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान ओमकुमारी सिन्हा कक्षा 11वीं से, तृतीय स्थान प्रज्ञा यदु ने प्राप्त किया। भाषण कला में नरेंद्र सेन कक्षा 10वीं से प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कलेश्वरी वर्मा कक्षा 10वीं ने एवं तृतीय स्थान पूर्णिमा सिन्हा कक्षा 9वीं ने प्राप्त की। रंगोली में यामिनी सेन कक्षा 12वीं से प्रथम रही , कलेश्वरी कक्षा 10वीं से द्वितीय एवं नारायणी निषाद कक्षा 12वीं से तृतीय स्थान प्राप्त की। प्रश्नमंच कार्यक्रम में ग्रुप बी ने बाजी मारी जिसमें त्रिलोक 12वी, रूबी, अर्जुन प्रजापति, नीरज, बीरू 10वीं, तुलेश्वर, मनु कुमार कक्षा 9वीं के है। इस प्रतियोगिता का आयोजन सांस्कृतिक प्रभारी कमलेश कुमार वर्मा के द्वारा सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को कार्य विभाग प्रभारी बनाकर एवं मूल्यांकन प्रभारी के निरीक्षण से निर्णय कर प्रतिभागी बच्चों को स्थान दिया गया एवं सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। अंत में इन सभी प्रतिभावान स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को शाला के प्राचार्य एवं शिक्षकों के हाथों गिलास, कटोरी, प्लेट पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रभारी कमलेश वर्मा सर ने कहा कि बच्चों इसी प्रकार अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखार कर उनका सर्वांगीण विकास किया जा सकता हैं।



# जवाहर नगर में नाले का पानी साफ करने लगाया जाएगा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर अंतर्गत जवाहर नगर मैदान, कुरूद बस्ती के गली में नवीन सीमेंटीकरण रोड, कुरूद बस्ती बाजार मैदान सहित सामाजिक भवन का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। जवाहर नगर के रिक्त भूमि में आवासहीन परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना से मकान का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। आवास योजना के साथ नाला के अपशिष्ट जल उपचार हेतु शासन को भेजे गए प्रस्ताव अनुसार चिन्हांकित स्थल का निगम आयुक्त ने निरीक्षण किए हैं। पर्यावरण प्रदुषण के नियंत्रण, जल पुनर्चक्रण के साथ मनुष्य के स्वास्थ्य और सुरक्षा को दृष्टिगत करते हुए अपशिष्ट जल उपचार किया जाना अति आवश्यक है। आयुक्त एवं जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा कुरूद पुरानी बस्ती में नवनिर्मित सीमेंटीकरण रोड का अवलोकन किया गया है। रोड निर्माण की गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने हेतु सहायक अभियंता अर्पित बंजारे निर्देशित किया गया है। इस रोड के निर्माण से बस्ती के सकरी गली में रहने वाले लोगो को आवागमन में सुविधा होगी। स्थानीय निवासियों द्वारा घरेलू अपशिष्ट फेका गया था, मोहल्ले वासियों को समझाइस दी गई है। साथ ही टेंट संचालक के द्वारा टेंट सामग्री बाहर रखा गया है, जिसे हटवाने सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे को निर्देशित किया गया है। कुरूद बस्ती बाजार चौंक मैदान जहां रावन दहन का कार्यक्रम किया जाता है, उक्त मैदान का निरीक्षण किया गया एवं साथ-सफाई हेतु निर्देशित किया गया है। समीपस्थ निर्माणाधीन सामाजिक भवन का अवलोकन किया गया है, भवन का कार्य प्लास्टर की स्थिति में है। एजेसी को अविलम्ब कार्य करने हेतु कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा को निर्देशित किए है।

**आयुक्त ने जवाहर नगर सामाजिक भवन का किया निरीक्षण**



## खबर संक्षेप

### शासकीय आईटीआई में कैरियर मार्गदर्शन



**दुर्ग।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाद्वारा कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य नवप्रवेशित एवं उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को कैरियर योजना, रोजगार के अवसरों एवं स्वरोजगार के विकल्पों की जानकारी प्रदान करना था। सभी नवप्रेषित एवं उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों ने इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाया। प्रशिक्षणार्थियों को सशक्त बनाने एवं जागरूक कार्यबल के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाने प्रेरित किया गया।

### राइस मिलर्स के अध्यक्ष बने बोथरा, कार्यकारिणी घोषित

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा ने अपने प्रदेश कार्यकारिणी के अलावा जिला अध्यक्ष और महामंत्रियों के नामों की घोषणा कर दी है। कार्यकारिणी में महामंत्री विष्णु बिंदल, कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय गोयल, अमर सुल्तानिया, संजीव गोयल, संदीप मित्तल, सत्येंद्र गावेल, टिकेश्वर मनहरे, गौतम दुग्गड़, मनोज मित्तल, मुकेश जैन, संजय पटेल, प्रदीप देवांगन बनाए गए हैं। इसी प्रकार मंत्री श्रीकांत कटारिया, सतीश शर्मा, गणेश जैन, अतुल अग्रवाल, राजीव गांधी, विनीत जैन, रोशन साहू आदि नियुक्त किए गए हैं। बोथरा ने जिला अध्यक्षों व महामंत्री की भी घोषणा की है। इसमें दुर्ग अध्यक्ष रामनिवास अग्रवाल, महामंत्री विनोद अग्ग्रवाल व सचिन खंडेलवाल बनाए गए हैं। अन्य जिलों में नियुक्ति कर दी गई है। इसके अलावा 109 कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

### घायल गायों के उपचार के लिए एम्बुलेंस की मांग

**भिलाई।** भाजपा पूर्व संयोजक झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ शारदा गुप्ता ने घायल गायों के उपचार के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था करने की मांग प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्राचार कर की थी। इसके बाद कलेक्टर को निर्देशित किया गया है कि घायल पशुओं के उपचार हेतु एंबुलेंस की व्यवस्था की जाए। गुप्ता ने कहा कि गाय को हमने माता का दर्जा दिया और इन गौ माता को इस तरह वहां से कुचल जाना घायल पड़े रहने को देखते हुए एंबुलेंस की मांग की है।

### अजय तिवारी बने स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के चुनाव में दुर्ग जिला को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। यहां से अजय तिवारी चुनाव में निर्विरोध संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए है। तिवारी इसके पूर्व संघ में बोर्ड मेंबर थे। उन्होंने दुर्ग में क्रिकेट खिलाड़ियों को बढ़ावा व प्रोत्साहन देने उल्लेखनीय कार्य किए है। उनके संयुक्त सचिव निर्वाचित होने पर उनसे खिलाड़ियो और खेल प्रेमियों की अब ज्यादा उम्मीद बढ़ गई है। नवनिर्वाचित संयुक्त सचिव अजय तिवारी ने अपना पदभार भी संभाल लिया है।



**न्यायालय तहसीलदार, तहसील देवकर जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है, कि आवेदक आवेदक श्री मोहित कुमार पिता श्री सरोज सिन्हा निवासी ग्राम गोडमर्रा तहसील देवकर जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा नगर पंचायत परपोड़ी में फुटकर फटाका विक्रय हेतु अस्थाई नया फटाका लाइसेंस बनवाने निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र सीसफायर की रसीद, नगर पंचायत परपोड़ी का अनापत्ति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, अंकसुची, निवासी प्रमाण पत्र, तथा गोडाउन के रूप में ख.नं. 622/1 ग्राम परपोड़ी तहसील देवकर जिला बेमेतरा स्थित भूमि जो आवेदक माता के नाम पर दर्ज है। सहमति पत्र साथ में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव वाद भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था/समुदाय को कोई दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/10/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं / अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा / आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 29/09/2025
नियत दिनांक :- 06/10 2025
रायपुर छ.ग. (मुहर) तहसीलदार, देवकर

## राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य पद के लिए चुनाव में अधिवक्ताओं का दिखा उत्साह

# 105 प्रत्याशी चुनाव में आजमा रहे अपना भाग्य, दुर्ग से 13 प्रत्याशियों ने ठोकी ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग







छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद् के सदस्य पद के चुनाव के लिए अधिवक्ताओं ने मंगलवार को उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दुर्ग जिला न्यायालय में मतदान के लिए कुल 7 बूथ बनाए गए थे, जिनमें डीजे सभागार में 4 बूथ और फैमिली कोर्ट में 3 बूथ शामिल है।

इन बूथों में अधिवक्ताओं ने उत्साह के साथ पहुंचकर वोट किया। बूथ क्रमांक-01, बूथ क्रमांक-06 व बूथ क्रमांक-07 में अधिवक्ताओं की मतदान को लेकर दोपहर में लंबी कतारें लगी रही। इस चुनाव में दुर्ग जिला न्यायालय से कुल 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। जिनमें प्रत्याशी संतोष वर्मा, संजय अग्रवाल, उत्तम चंदेल, बादशाह प्रसाद सिंह, नागेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र सोनी, अरशद खान,चेतन तिवारी, हेमंत मिश्रा, सोहनलाल चंद्रपक्षी, विपिन तिवारी, तामस्कर टंडन, सुधीर चंद्राकर के नाम शामिल है।यहां अधिवक्ता मतदाताओं की संख्या 2552 है।

मतदान के दौरान दुर्ग जिला न्यायालय के बाहर मुख्य प्रवेश द्वार पर सदस्य पद के प्रत्याशी अंतिम समय तक अपने पक्ष में वोट करने अधिवक्ताओं से निवेदन करते नजर आए, वहीं प्रत्याशियों के समर्थक अधिवक्ता भी मतदान के दौरान सक्रिय रहे। जिससे मतदान के दौरान जिला न्यायालय परिसर के अंदर और बाहर गहमागहमी का माहौल रहा। छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद् के सदस्य पद के चुनाव के लिए दुर्ग में जिला सत्र एवं न्यायाधीश विनोद कुजूर को चुनाव प्रभारी और फास्ट टैक कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश अवध किशोर को चुनाव अधिकारी का दायित्व सौंपा गया था।

### सुबह 10 बजे से शुरू हुई मतदान की प्रक्रिया

जिला न्यायालय में मंगलवार की सुबह 10 बजे मतदान की प्रक्रिया शुरु हुई, जो शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। मतदान के लिए शाम 5 बजे तक अंतिम समय निर्धारित किया गया है। समाचार के लिखे जाने तक मतदान के लिए लगातार अधिवक्ता मतदाताओं का मतदान केन्द्र पहुंचने का क्रम जारी रहा। चुनाव के लिए जिला अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष नीता जैन, सचिव रविशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल को सहयोगी बनाया गया था। संघ के ये पदाधिकारी मतदान के दौरान व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद् के सदस्य पद के चुनाव के लिए प्रदेशभर में कुल 105 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस चुनाव में करीब 25 हजार अधिवक्ता मतदाता को मतदान की पात्रता है।

### सबसे ज्यादा 36 प्रत्याशी बिलासपुर से, 13 को मतगणना

चुनाव में सदस्य पद के लिए सर्वाधिक 36 प्रत्याशी बिलासपुर से है। रायपुर से 19 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे है, जबकि दुर्ग से प्रत्याशियों की संख्या 13 है। यह चुनाव छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद् के 25 सदस्य पद के लिए हो रहे है। इस चुनाव में प्रत्याशियों का चयन वरीयता के आधार के पर किया जाएगा। एक मतदाता को कम से कम 5 वोट और अधिक से अधिक 25 वोट करना है। अगर मतदाता 5 वोट से कम करता है, तो उसका वोट निरस्त माना जाएगा। बहरहाल सदस्य पद के चुनाव के परिणाम के लिए 13 अक्टूबर से बिलासपुर हाईकोर्ट में मतगणना शुरू की जाएगी। मतगणना में एक महीने से अधिक का समय लगने की उम्मीद है। मतगणना पूरी होने के बाद ही अंतिम नतीजे सामने आएंगे।



# कवि सम्मेलन ने बांधा समां, कवियों की रचनाओं पर जमकर बजी तालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

- ओजस्वी कवि ईश्वर आरुग के संचालन में देर रात तक गूंजा कवि सम्मेलन

दुर्गोत्सव समिति एवं साहित्य समिति मोतिमपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भव्य कवि सम्मेलन ने नगरवासियों को साहित्यिक रस की अनूठी अनुभूति कराई। यह सम्मेलन साहित्यकार जलेश्वर दास मानिकपुरी के संयोजन और प्रदेश के ख्यातनाम ओजस्वी कवि ईश्वर आरुग के संचालन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आगाज होते ही बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी दर्शक कविताओं की सरिता में डूब गए।

सम्मेलन में देशभक्ति से लेकर हास्य, व्यंग्य और प्रेम जैसे विविध रसों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को बांधे रखा। कवयित्री निधि साहू ने अपनी ओजस्वी देशभक्ति कविताओं से मंच पर ऊर्जा भर दी और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नवागढ़ से आए चर्चित हास्य कवि मनोज श्रीवास्तव ने अपनी चुटीली रचनाओं से दर्शकों को ठहाकों से लोटपोट कर दिया।

वहीं हरीश पटेल हर ने युवाओं को देशभक्ति और नशामुक्ति का संदेश देते हुए प्रेरक रचना प्रस्तुत की, जिसे खूब सराहना मिली। कवि पंकज शर्मा कान्हा ने प्रेम-प्रधान रचनाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया और तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूरी तरह साहित्यिक रंग में रंगा रहा। मंच संचालन कर रहे कवि ईश्वर आरुग ने अपने अंदाज से कार्यक्रम को लगातार जीवंत बनाए रखा। इस अवसर पर साहित्य समिति मोतिमपुर के संरक्षक एवं सरपंच अविनाश मानिकपुरी (ग्राम पंचायत रामपुर) सहित बसंत ध्रुव, देवा ध्रुव, महेंद्र ध्रुव, रोहित ध्रुव, पवन ध्रुव, कैलाश ध्रुव, जयकरण यादव, रमेश, सुमीत, फुलेश्वर मानिकपुरी, सूरज, लाला ध्रुव और अमित समेत बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। काव्य संध्या का यह आयोजन देर रात तक चलता रहा, जहां तालियों, ठहाकों और वाहवाही से पंडाल गूंजता रहा। मोतिमपुर का यह कवि सम्मेलन न केवल साहित्य प्रेमियों के लिए यादगार साबित हुआ, बल्कि आने वाले समय के लिए भी एक नई परंपरा की नींव रख गया।

# भिलाई-चरोदा निगम में स्ट्रीट लाइट और बोरिंग तक की मरम्मत नहीं



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा वार्ड 31 में लंबे समय से स्ट्रीट लाइट और बोरिंग तक का मरम्मत का काम नहीं हो पा रहा है। इसे लेकर वार्ड पूर्व पार्षद राम सूर्यवंशी ने विधायक समेत निगम में ज्ञापन सौपकर व्यवस्था अपडेट करने को कहा है। राम सूर्यवंशी ने बताया कि ग्राम देवबलौदा शिव मंदिर वार्ड 31 में 15 स्ट्रीट लाइटे बंद है। इसके कारण वार्ड में अंधेरा छाया हुआ है, इसे लेकर कई बार निगम के चक्कर काट चुके बावजूद व्यवस्था अपडेट नहीं कराया जा रहा है। इसके अलावा निगम द्वारा कर्मचारी नहीं होने का बहाना बताकर काम को टरकाया जाता है। पार्षद ने बताया कि इसके अलावा पेयजल की समस्या भी काफी खराब है। वार्ड के लोगों को पेयजल के लिए भी इधर-उधर भटकना पड़ता है। कई जगह नल है जिसमें टोटी तक नहीं है। पानी बेवजह बहता रहता है। यह स्थित बीते 6 माह से भिलाई-चरोदा निगम में चल रहा है। निगम के 40 वार्डो में इसी तरह की दिक्कते काफी आ रही है इसे सुधारने वाले भी सक्रिय नहीं है। यहां की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। यहां मूलभूत सुविधाओं के लिए जनता को जूझना पड़ रहा है। इसे लेकर अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा , महापौर, सभापति और निगम आयुक्त को भी शिकायत किया गया है।

# बीएसपी में वाहनों की गति पर नियंत्रण के लिए लगाए कैमरे

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने संयंत्र क्षेत्र में वाहनों की तेज़ रफ़्तार पर नियंत्रण के लिए सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग की पहल पर संयंत्र में स्पीड वायलेशन डिटेक्शन सिस्टम (एसवीडीएस) लगाया गया

- हाई-टेक कैमरों से लैस स्पीड वायलेशन डिटेक्शन सिस्टम शुरु

है। इसके तहत 15 संवेदनशील मार्गों पर 22 हाई-टेक कैमरे स्थापित किए गए हैं। नई प्रणाली में भारतीय तकनीक पर आधारित विडार स्पीड डिटेक्शन कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे रडार और ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) तकनीक का उपयोग करते हैं। यह सिस्टम 98.6 प्रतिशत तक सटीकता से वाहनों की गति का पता लगा सकता है और खराब मौसम या धीमी रोशनी जैसी परिस्थितियों से प्रभावित नहीं होता। जैसे ही कोई वाहन निर्धारित गति सीमा से अधिक चलता है। कैमरे उसकी हाई-रेज़ोल्यूशन तस्वीर और वीडियो समय व तारीख सहित रिकॉर्ड कर तत्काल नियंत्रण कक्ष को भेज देते हैं।



### प्रमुख मार्ग में लगाए

इनमें ब्लास्ट फर्नेस (7 व 8 रोड, कोक ओवन वेट ब्रिज, यूआरएम रोड, बोरिया ओवरब्रिज, ईआरएस रोड, प्लांट गैराज रोड, बीआरएम और मरोदा रोड जैसे प्रमुख मार्ग शामिल हैं। इस व्यवस्था से अब इन स्थानों पर 24 घंटे लगातार निगरानी संभव हो सकेगी। इस प्रणाली से तेज गति के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आने की प्रबंधन को आशा है।

# सेल-एमटीआई और आईआईएम जम्मू ने भविष्य के लिए नेतृत्व को बढ़ावा देने किया समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल ने अपने प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) के जरिये भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) जम्मू के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौते का उद्देश्य कार्यपालक शैक्षिक कार्यक्रम के जरिये भविष्य के लिए नेतृत्व को तैयार करना है। इस समझौता ज्ञापन पर सेल के इस्पात भवन, नई दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन पर सेल के कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक एमटीआई, संजय धर और आईआईएम जम्मू के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, कमांडर केशवन भास्करन (सेवानिवृत्त) ने सेल के निदेशक केके सिंह सहित बीएसपोपली और आईआईएम जम्मू के डॉ. राजेश सिक्का भी उपस्थित थे।

### बरहमपुर आवागमन हो रहा कष्टदायक

**भिलाई।** आंध्र उत्कल संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व रेल्वे सलाहकार समिति सदस्य के उमाशंकर राव ने बताया कि अमृत भारत एक्सप्रेस बरहमपुर से दुर्ग होते हुए सूरत चलाया जा रहा है। ज इसके पूर्व भी इसी तरह कई रेल चलाया गया है। जिसका लाभ भिलाई छत्तीसगढ़ आंध्र उत्कलवासियों को नहीं मिल पाया है। हमारी मुख्य मांग को रेल प्रशासन अनदेखा कर रहा है। जिसके कारण

# खुर्सीपार पहुंचे अजय जामवाल और सरोज पांडेय, यात्रियों को बांटा प्रसाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश का सबसे बड़ा सेवा पंडाल खुर्सीपार में तैयार किया गया है, जहां नियमित रूप से भक्तों की सेवा की जा रही है। माता दुर्गा की उपासना की जा रही है। मंगलवार को बीजेपी राष्ट्रीय संगठन सह महामंत्री अजय जामवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। नवरात्र पर्व पर खुर्सीपार स्थित बोल बम सेवा समिति की ओर से यह सेवा पंडाल बनाया गया है। नगर निगम भिलाई के उपनेता प्रतिपक्ष एवं समिति के संस्थापक दया सिंह की पहल पर स्थापित इस पंडाल में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा के दर्शन कर पूजा की। मां दुर्गा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आरती में शामिल होकर महाप्रसाद का भी आनंद लिया।

भक्तिमय माहौल में विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, दीपक साहू, बीजेपी पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया, समाज सेवी जी सुरेश, नगर निगम सभापति गिरवर साहू, पार्षद लक्ष्मीपति राजू, सत्या देवी जयसवाल, सुखनंदन राठौर एडिशनल एसपी सहित अन्य भी पहुंचे।

# इंदिरा मार्केट में पार्किंग के होंगे विशेष इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

इस बार के त्योहारी बाजार के लिए इंदिरा मार्केट में पार्किंग के विशेष इंतजाम रहेंगे। चेंबर ऑफ कामर्स का प्रतिनिधि इस विषय को लेकर महापौर अल्का बाघमार से मिला। इस दौरान अध्यक्ष अनूप गटागट ने इंदिरा मार्केट की व्यवस्था को लेकर महापौर को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाजार में पार्किंग के इंतजाम नहीं है, जिन जगहों से अतिक्रमण हटाया गया है। वहां दोपहिया वाहनों को खड़े कराया जाए। वहीं चार पहिया वाहनों के लिए पुराना बस स्टैंड सहित अन्य रिक्त जगहों पर पार्किंग के इंतजाम किए जाएं। ताकि लोग मार्केट में खरीदारी करने के लिए पहुंच सकें। महापौर ने इस विषय को गंभीरता से लेकर विशेष इंतजाम किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अस्थाई पटाखा दुकान बाजार में नहीं लगने दिया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### सुकन्या योजना से कराया अवगत

**कुमरदा।** नवरात्र के मौके पर आतरगांव के डाकपाल प्रशांतकुमार साहू ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने अष्टमी को कन्या भोज के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित ग्रामीण महिलाओं को बालिकाओं के लिए चलाई जा रही सुकन्या योजना से भविष्य में होने वाले लाभ की जानकारी दी। इस अवसर पर सरपंच खुशबू डामन साहू, कमलेश साहू, ताराचंद साहू, संजय साहू, त्रिवेणी निषाद, भालचंद साहू, सुरेश साहू आदि मौजूद थे। उपस्थित कन्याओं को भोजन कराने के साथ सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक दी गई।

### अधूरा रह गया देहदान का संकल्प

**डोंगरगढ़।** झंडातलाव के केवल लोधी जिला स्वास्थ्य केन्द्र में वार्ड बॉय के पद पर सेवा देते हुए सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने देहदान करने का संकल्प लिया था। गत 24 सितंबर को वह अंतिम यात्रा पर चले गए। उनकी यह इच्छा थी कि उनका शरीर मेडिकल कॉलेज में जाकर विद्यार्थियों की शिक्षा और अनुसंधान के लिए उपयोगी बने। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह रही कि मेडिकल कॉलेज में मृत शरीर संरक्षित करने की मशीन ही उपलब्ध नहीं है जिसके परिणामस्वरूप देहदान का वह संकल्प पूरा नहीं हो सका। श्रद्धांजलि सभा में छत्तीसगढ़ लोधी समाज के कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने कहा कि यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि समाज के लिए गहरा आघात है। करोड़ों खर्च होने के बाद भी मेडिकल कॉलेज में बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने सरकार से मेडिकल कॉलेजों में देहदान करने वालो के लिए प्रिजर्वेशन मशीन उपलब्ध कराने की मांग की है।

### श्रमदान कर किया नदी किनारे सफाई

**डोंगरगांव।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रतिमा विसर्जन के नगर प्रशासन ने श्रमदान के माध्यम से बड़गांव एनीकट की सफाई किया। अभियान में अंजू त्रिपाठी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा, कर्मचारी, स्वच्छता दीदियाँ आदि शामिल हुए।

### रावण दहन कल

**डोंगरगढ़।** ग्राम अछोली में श्री श्री कान्हा दशहरा उत्सव समिति नया अछोली के तत्वावधान में आगामी 3 अक्टूबर को भंडारपुर रामलीला मंडली का आयोजन रखा गया है। इसी दिन रावण दहन भी किया जाएगा। आयोजन समिति ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### गरबा में एनएसएस ग्रुप विजेता

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ आशा चौधरी के नेतृत्व में गत दिनों गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बनाया। इस अवसर पर सुशील सोनवानी एवं भूपेश ने जसगीत प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में उगेश्वरी आदि प्रथम, द्वितीय मोनिका आदि एवं तृतीय स्थान ट्विंकल आदि ने प्राप्त किया। कम्प्यूटर साइंस विभाग की संजना आदि के प्रदर्शन को विशेष सराहना प्राप्त हुई। राजनीति विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप जाम्बुलकर ने प्रथम स्थान प्राप्त एनएसएस ग्रुप को 1001 नगद प्रदान किया। इस दौरान वेदप्रकाश साहू, अविनाश सिंह, डॉ नौशिन अंजुम, तुलिका चक्रवर्ती, देवश्री देवांगन आदि मौजूद थे। संचालन डॉ नीता राजपूत एवं आभार प्रदर्शन डॉ आशा चौधरी ने किया।




## पर्व : जस गीतों के साथ माता को दी गई विदाई

# अंचल में जंवारा का हुआ विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

अंचल में शारदीय नवरात्रि नौ दिन तक चले और नवरात्र उत्सव के नवमी पर भव्य रूप से ज्योत जंवारा विसर्जन के साथ माता के भक्तों ने उन्हें भक्तिभाव के साथ विदा किया। वही ग्राम मनियारी, सिंघौरी व अंचल क्षेत्र में सुबह से ही नवमी के तिथि पर शीतला व महामाया मंदिरों में ज्योंत जंवारा प्रज्वलित किया गया था। उन्हें विधि विधान से पूजा अर्चना कर गांव के गली भ्रमण किया गया। वही देवी देवताओं से विदा लेते हुए गांव के तालाब में विसर्जन किया गया।

जिसमें ग्राम के समस्त नागरिक हर्षोल्लास के साथ मां के इस पावन नवमी नवरात्र पर्व में सभी साक्षी बने। जो आस पास के ग्रामीण अंचल के लिए बहुत ही अद्भ्रुत नजारा होता है। कहा जाता है मां शीतला हर भक्तो का उनकी मनवांछित इच्छा पूरी करते है। माता के जसगीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते हुए नजदीकी नदी-तालाब तक पहुंचे और जंवारा विसर्जित किया। सुबह 11 बजे शुरू हुआ। यह सिलसिला देर दोपहर बाद तक जारी रहा, कड़ी धूप में भी माता के भक्तो की भीड़ बनी रही। इस दौरान भक्तो की बड़ी संख्या में देखने और माता को विदा दिया गया।





### भवानी पंडाल में नौ कन्या पूजन हुआ



**बेमेतरा।** रक्षित केन्द्र पुलिस कॉलोनी में मां दुर्गा भवानी पंडाल में नौ कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन किया गया। इसमें कॉलोनी के पुलिस परिवारों के उपासक द्वारा नवरात्रि की अष्टमी और नवमी पर मां दुर्गा भवानी पंडाल एवं अपने घरो में नौ कन्याओं को बुलाकर, नौ कन्याओं को देवी के नौ रूपों का साक्षात स्वरूप मानकर, उन सभी नौ कन्याओं के पैर धोए उन्हें तिलक लगाकर उनकी पूजा की गई। उन्हें श्रद्धा पूर्वक फल, खीर, पूरी एवं विभिन्न प्रकार के पकवान का भोज कराया गया। नौ कन्याओं का पैर छूकर आशीर्वाद लेकर उन्हें उपहार दी गई। जिसमें पुलिस परिवार के सभी महिला, पुरुष एवं बच्चों ने सहभागिता की। सभी ने मां दुर्गा भवानी की विधि-विधान एवं पूर्ण श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।

### परमेश्वरी मंदिर में मनाई गई अष्टमी, कन्या भोज हुआ



**बेमेतरा।** चैत्र नवरात्रि पर जिला मुख्यालय के सिंघोरी में मां परमेश्वरी मंदिर प्रांगण में दुर्गा अष्टमी धार्मिक अनुष्ठान के साथ सम्पन्न हुई। इस अवसर पर समस्त देवांगन एवं सर्व समाज की सहभागिता के बीच मनोकामना ज्योति कलश स्थापना उपरांत अष्टमी पूजन एवं हवन विधि-विधान से सम्पन्न किया। इसके साथ मातृशक्ति का पूजन करते हुए नौ कन्याओं का पूजन एवं कन्या भोज कराया गया। समिति अध्यक्ष राजू देवांगन ने बताया कि यह धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन सामाजिक समरसता, आस्था एवं परंपरा का अनुपम उदाहरण रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए और मां दुर्गा से सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना की प्रार्थना की। इस अवसर पर मां परमेश्वरी मंदिर समिति अध्यक्ष राजू देवांगन, बालहरि देवांगन, राजेंद्र देवांगन, युगल देवांगन, नरेंद्र देवांगन, मुरली देवांगन, पप्पू देवांगन सहित मातृशक्ति, बहने एवं बच्चे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सांकरा में निकाली गई चुनरी यात्रा

**बेरला।** ब्लॉक में शारदीय नवरात्रि की महाष्टमी पर ग्राम सांकरा में माता रानी की भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। रघुनंदन परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों की अगुवाई में आयोजित इस चुनरी यात्रा में हजारों की तादाद में श्रद्धालु शामिल हुए। यह धार्मिक यात्रा मां बंजारी धाम, सांकरा से प्रारंभ होकर जयकारों व भक्तिमय माहौल के बीच माँ शीतला मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयघोष के साथ भक्ति भाव से सहभागिता निभाई। इस आयोजन में प्रमुख रूप से शामिल सदस्यगण खिलेश साहू, भुनेश्वर धनकर, मोतीलाल, राहुल, ऋषि, संजू, महेंद्र, भूपेन्द्र, पवन, हिमांशु, योगेश, घनश्याम, भागीरथी, रोशन, टिंकू, शेखर, भुनेश्वर, पोषण, त्रिलोचन, सुमित, होमेश, कुलेश्वर, कार्तिक, जितेन्द्र, गजेंद्र, रिंकू, लोकनाथ, हर्ष, संजय, अमित, रमेश आदि रहे। भक्तिमय माहौल में सम्पन्न हुई इस चुनरी यात्रा ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना दिया।

# मनियारी में विशाल भंडारे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम मनियारी में नवरात्रि की नवमी पर गौरा गौरी महादेव चौक अम्बे समिति द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसाद ग्रहण करने ग्रामीणों का तांता लगा रहा। ग्रामीण छोटे बच्चे के साथ बड़े बुजुर्ग तक माताएं व बहनों ने बढ़-चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही समिति के सहयोग ग्रामीणों के बड़ी योगदान रहा। वहीं प्रसाद वितरण में चांवल, दाल, हलवा, पूरी, सब्जी दी गई। समिति के सदस्य गीतेश्वर, प्यारे, रामकृत देवांगन ने बताया कि भंडारा शाम 4 से 8 बजे तक चला। इस दौरान सभी भक्तगणों को प्रसाद वितरण किया गया। नवमी के दिन आयोजित इस भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालू पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। अम्बे पूजा महोत्सव के तहत भक्ति संध्या, धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-अर्चना के कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न किया गया। इस अवसर पर भंडारे के आयोजन से पूरे गांव में उत्सव और भक्ति का वातावरण बना रहा। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी श्रद्धापूर्वक मां अम्बे के दर्शन कर प्रसाद प्राप्त किया। इसके बाद रात्रि में गरबा के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस रास गरबा झूमे नाचे और थिरके। सभी के चेहरे में बड़ी हर्षोल्लास और उत्साह दिखाई दिया, जिससे अंचल में माता अम्बे की भक्तिमय में हर्ष व्याप्त रहा। इस दौरान हेमसिंग विश्वकर्मा, छवि निर्मलकर, हुलेश्वर चक्रधारी, कमलेश निषाद, तुषार यादव, दुजेराम, संतोषी नेताम, बीरबल निषाद, अमर, ताराचंद, लेखराम, चेमबाई साहू, संगीता, सरिता, बसंती साहू, मंजू निर्मलकर, भगवंतीन निषाद सहित बच्चे मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर में 16 यूनिट रक्त संग्रह



**नवागढ़।** स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में बुधवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 16 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम में सीएचसी प्रभारी एवं बीएमओ डॉ. एमएम रजा, डॉ. विकास कुमार पांडे, डॉ. क्षितिज शुक्ला, डॉ. लवनीश कुमार एवं डॉ. धीरेंद्र सिन्हा सहित कई चिकित्सकों ने स्वयं रक्तदान कर मिसाल पेश की। शिविर में सहयोग हेतु बीपीएम चंद्र कुमार देवांगन, सुनील, अंबालिका, प्रतीक, हुलेश्वरी, उमरे सहित समस्त स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। वहीं पैथोलॉजिस्ट डॉ. पी.आर. पोपटानी, एमएलटी विजय कुमार दौरे, भूपेंद्र कुर्रे, धन्नू वर्मा, ब्लड काउंसलर कुलेश्वरी साहू, हरिशंकर, विनेश्वर जायसवाल एवं वाहन चालक राम चरण की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम में जीवनदीप संस्था के आकाश दीवान, संतोष देवांगन एवं संपत साहू द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला अस्पताल बेमेतरा की टीम ने भी रक्तदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# वरिष्ठजन दिवस पर जिले के विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधिक सेवा प्राधिकरण ने बुधवार 1 अक्टूबर ग्राम चोरभट्ठी, फरी व ग्राम मोहभट्ठा में स्टेट प्लान ऑफ एक्शन वर्ष 2025-26 के तहत वरिष्ठजन दिवस मनाया गया इस अवसर पर वरिष्ठजनों के लिए विधिक जागरूकता शिविर के साथ एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मौजूद वरिष्ठ नागरिकों को उनके स्वास्थ्य की देखभाल एवं उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के संबंध में जानकारी दिया गया। उक्त स्वास्थ्य जांच शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का रक्तचाप, शुगर आदि की निःशुल्क जांच की गई साथ ही उन्हें आवश्यक दवाईयां भी निः शुल्क वितरित की गई। इस शिविर में बड़ी संख्या में वरिष्ठजनों ने स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ उठाया। विधिक जागरूकता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र एवं लीगल डिफेंस काउंसिल के अधिवक्तागणों द्वारा वरिष्ठ नागरिक अधिनियम, 2007, पेंशन संबंधी अधिकार, संपत्ति संरक्षण, ठगी से बचाव आदि के संबंध महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उक्त दिवस पर तालुका विधिक सेवा समिति, साजा के ग्राम तेन्दुभाठा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही उन्हें नालसा टोल फ्री नंबर 15100 के माध्यम से या कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा तथा तालुका विधिक सेवा समिति साजा में उपस्थित हो कर निःशुल्क विधिक सहायता / सलाह प्राप्त किया जा सकता है के संबंध में जानकारी दी गई। उक्त स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ. दिलीप चंद्रवंशी, डॉ. प्रीति ठाकुर, दीपांजली डेनियल नर्स, बलवंत बंजारे फार्मासिस्ट, मनीष साहू लैब टेक्निशियन उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- वरिष्ठ नागरिक अधिनियम, पेंशन अधिकार, संपत्ति संरक्षण और ठगी से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की गई
- कार्यक्रम में डॉ. दिलीप चंद्रवंशी, डॉ. प्रीति ठाकुर, दीपांजली डेनियल, बलवंत बंजारे और मनीष साहू सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का रक्तचाप, शुगर सहित अन्य स्वास्थ्य जांच नि :शुल्क कराई गई

### उत्कृष्ट शिक्षक ईश्वरी प्रसाद का विधायक ने किया सम्मान

**बेमेतरा।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन एवं दिव्यांगजन दिवस पर टाउन हॉल में आयोजित समारोह में ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बैजी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस समारोह में विधायक बेमेतरा दीपेश साहू एवं जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही।

विदित हो कि प्रधान पाठक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे दिव्यांग होने के बावजूद अपने विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत समर्पित है। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी है और अपने विद्यालय में बच्चों के साथ हमेशा नवाचार का प्रयोग करते रहते हैं। इसीलिए बच्चों के बीच बहुत ज्यादा लोकप्रिय है। इस अवसर पर जिले के आला अधिकारी भी उपस्थित थे। पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, वर्तमान जिला अध्यक्ष अजय साहू, हर्षवर्धन तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी एवं अन्य जन प्रतिनिधि की उपस्थिति में एवं नगरीय प्रशासन एवं पंचायत विभाग की सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया और सभी वृद्धजन एवं दिव्यांगजन एवं ग्रामीणजनों के लिए भोजन व्यवस्था भी की गई थी।



# कंतेली गुनरबोड़ में स्वच्छता अभियान और पौधारोपण हुआ



**बेमेतर।** भाजपा शहर मंडल सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम कंतेली गुनरबोड़ में स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण का कार्य किया गया। इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू देवांगन, अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर मंडल बेमेतरा कमलेश वर्मा, भाजपा युवा मोर्चा शहर मंत्री गोलू कोसले, वार्ड नं 9 कोबिया पूर्व पार्षद साधे लाल बघेल, भाजपा नेता चम्पेश्वर वर्मा, सरपंच महावीर वर्मा, बूथ अध्यक्ष मोहन साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# भक्ति, सेवा और संस्कार से ही सामाजिक शक्ति और राष्ट्र निर्माण व विकास संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के नगर पंचायत कुसमी एवं ग्राम खर्रा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में क्षेत्र का माहौल आध्यात्मिक और भक्तिमय रहा। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने विशेष तौर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और श्रद्धालुओं के साथ कथा श्रवण कर दिव्य वातावरण का आनंद लिया।

पूज्य भगवताचार्य ने श्रीमद्भागवत महापुराण के प्रसंगों का वाचन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जीवन आदर्शों, धर्म, भक्ति और समाज में नैतिक मूल्यों की महत्ता पर प्रकाश डाला। कथा में उपस्थित श्रद्धालुजन भाव-विभोर होकर भक्ति रस में डूबे रहे। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच विचार करते हुए श्रीमती तिवारी ने कहा /"श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों और जीवन के आदर्शों को स्थापित करने का माध्यम है। यह हमें सेवा, भक्ति, सत्य और प्रेम के मार्ग पर चलने का संदेश देती है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, समिति अध्यक्ष मोहन साहू,प्रकाश नारायण, पार्षद देवकुमार साहू, यशवंत मंडल, मोतीराम साहू, रामनाथ साहू, देवेंद्र साहू, प्रदीप साहू, शिक्षक राजेंद्र पाठकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिकगण उपस्थित रहे।



## कन्या पूजन से घर में सुख-शांति और समृद्धि

# 151 कन्याओं की पूजन कर कराया भोज, लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आस्था का महापर्व नवरात्र के अंतिम दिन मटिया- बारगांव में मां के सिद्धिदात्री स्वरूप का पूजन दुर्गा पूजा पंडाल, देवी मंदिरों और घरों में विधिवत रूप से किया गया। जय मां दुर्गा उत्सव समिति मटिया ने देवी का स्वरूप 151 कन्याओं को पूजन कर भोज कराया। बेटियों को देवी का स्वरूप मान कर 151 कन्याओं को भोज कराया। इस दौरान समिति के युवाओं ने कार्यक्रम से पहले इन बेटियों के पैर को थोए। इसके बाद पूजा-अर्चना की गई। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू हुआ, जिसका समापन दोपहर एक बजे हुए।

- 3 से 10 वर्ष की बेटियों को देवी का स्वरूप माना गया



ज्योतिष आचार्य बोसेन्द्र पांडेय ने कन्या पूजन के दौरान 3 से 10 वर्ष की 9 कन्याओं और 1 बालक को देवी दुर्गा का स्वरूप मानकर घर बुलाया। उन सभी कन्याओं के पैर धोए, उन्हें तिलक लगाया और फिर हलवा-पूड़ी व भोजन कराए। इसके बाद उन्हें उपहार और दक्षिणा दी गई और अंत में उनका आशीर्वाद लिया। उनका कहना है कि कन्या पूजन से घर में सुख, शांति और समृद्धि आती है, साथ ही मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस पूजन से दरिद्रता दूर होने, धन लाभ, आरोग्य प्राप्ति, ज्ञान-विजय, शत्रुओं का नाश और समस्त विघ्नों से मुक्ति जैसे लाभ मिलते हैं।

### बाना सांग व विशेष जस गीत झांकी की कल होगा आयोजन

समिति के नारद यादव ने बताया कि जय मां दुर्गा उत्सव समिति मटिया द्वारा 3 अक्टूबर सुबह 9 बजे बाना सांग रायपुर वाला व विशेष जस झांकी की प्रस्तुति की जाएगी। बाना सांग व विशेष जस झांकी के कुल 80 सदस्य अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। पिछले वर्ष भी बाना सांग की प्रस्तुति की थी, जिसे गांव के लोगों ने खूब सराहा। आयोजन को सफल बनाने समिति के संरक्षक रजीताभ मिश्रा, फत्ते साहू, मुकेश यादव, सोनू वर्मा, सागर वर्मा, श्रीराम साहू, तुलसी साहू, बोसेन्द्र पांडेय, लवकुश साहू, नारद यादव, बिट्टू यादव, सुमित यादव, चुम्मन निषाद, राजेश निषाद, अखिलेश वर्मा, सूरज वर्मा, निखिल, सनत साहू, सुंदर साहू, यशवंत यादव सहित पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

